राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी और 23 राज्य विश्वविद्यालयों के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित

सहायता और सेवा कार्यों में प्रेरक का कार्य करें विश्वविद्यालय– राज्यपाल

जयपुर, 20 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने आह्वान किया है कि विश्वविद्यालयों के शिक्षक, कार्मिक और विद्यार्थी समाज में मानवता आधारित सहायता एवं सेवा कार्यों के लिए प्रेरक के रूप में कार्य करें और समाज के समक्ष उदाहरण प्रस्तुत करें।

राज्यपाल श्री मिश्र रेडक्रॉस सोसायटी, राजस्थान शाखा के पदेन अध्यक्ष के तौर पर बुधवार को यहां राजभवन में रेडक्रॉस सोसायटी के राज्य विश्वविद्यालयों के साथ सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर के बाद सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राज्य के 23 सरकारी विश्वविद्यालयों और रेडक्रॉस सोसायटी राजस्थान के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान में रेडक्रॉस की गतिविधियों को गति देने के लिए सभी जिलों में जिला कलक्टरों के समन्वय से इकाइयों का गठन किया जा चुका है। उन्होंने रेडक्रॉस राज्य इकाई की कार्यकारिणी का गठन भी शीघ्र करने के निर्देश दिए ताकि प्रदेश में आपदाओं और संकट के समय रेडक्रॉस का सबल, सक्रिय और सशक्त रूप दिखाई दे। उन्होंने प्रदेश में समयबद्ध अभियान चलाकर रेडक्रॉस सोसायटी को प्रभावी करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि एमओयू के अनुसार रेडक्रॉस और विश्वविद्यालय आपदाओं और जोखिम में रोकथाम–राहत कार्य,जल स्वच्छता एवं सफाई प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रबंधन, पारिस्थितिकी आधारित कार्यों, स्वास्थ्य सेवाओं और रक्तदान के बारे में प्रेरणा लाने लिए आपसी सहयोग से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि अब विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में भी रेडक्रॉस की प्रशिक्षण एवं अन्य गतिविधियों का विस्तार हो सकेगा।

कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसायटी राजस्थान की नई वेबसाइट redcross.rajasthan.gov.in का लोकार्पण भी किया गया। इस वेबसाइट में नई सदस्यता और स्वयंसेवक के रूप में जुड़ने के लिए आवेदन एवं आर्थिक सहयोग देने की ऑनलाइन व्यवस्था की गई है।

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के उपसचिव श्री एन.के. सिंह ने संस्था के गठन, उद्देश्यों, गतिविधियों और कोरोना काल में किए गए राहत एवं सेवा कार्यों के बारे में बताया।

रेडक्रॉस सोसायटी, राजस्थान की डॉ. रिचा छाबड़ा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से रेडक्रॉस की राजस्थान इकाई की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार ने अपने सम्बोधन में बताया कि इन एमओयू के बाद राज्य विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत लाखों विद्यार्थियों को रेडक्रॉस की गतिविधियों से जुड़ने का अवसर मिल सकेगा।

कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, राजस्थान की प्रभारी अधिकारी डॉ. आभा जैन, राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण और राजभवन के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

————